


# वर्ल्ड क्लास स्टेशन की बदहाल हालत

## यात्रियों का गन्दगी से वेलकम , मार्ग में लपटते ऑटो चालक और होटल के दलाल

नवभारत न्यूज

**सतना,1 जून. विंध्य क्षेत्र के गौरव कहे जाने वाले सतना रेलवे स्टेशन की तस्वीर इन दिनों धुंधली पड़ गई है। वर्ल्ड क्लास स्टेशन का सपना दिखाने वालों की भी स्थिति यह है कि वे भी प्लेटफॉर्म के बाहर पांच मिनट खड़े नही रह सकते.यात्रियों के विश्राम गृह पर बाहरी लोगों का कब्जा और बाहर अवैध पार्किंग और होटल एजेंटों की मनमानी न भूलने वाला दृश्य पैदा करती है.**



रेलवे स्टेशन न केवल जिले की पहचान है बल्कि विंध्य क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण केंद्र भी है। लेकिन वर्तमान में यहाँ की अव्यवस्थाएं यात्रियों के लिए जी का जंजाल बन चुकी हैं। मूलभूत सुविधाओं की कमी प्रबन्धन पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। स्टेशन के मुख्य द्वार पर यात्रियों के स्वागत के लिए बनाया गया आकर्षक फव्वारा और जलकुंड अब बदहाली का शिकार हो चुका है। कुंड में भरा पानी स?कर हरा हो गया है, जिससे उठने वाली बदबू ने यात्रियों का निकलना मुश्किल कर दिया है। जलकुंड में प्लास्टिक की बोतलें, थैलियां और कचरा तैर रहा है। जो स्थान कभी शहर की सुंदरता ब?ाता था, वह अब मच्छरों और गंदगी का केंद्र बन गया है।यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए वेटिंग रूम में अब यात्री कम बाहरी लोग अधिक नजर आते हैं। सुरक्षा व्यवस्था न होने के कारण कई लोग यहा रात भर डेरा डाले रहते हैं, जिससे दूर-दराज से आने वाले जरूरतमंद लोगों को जगह नहीं मिल पाती। रात के समय यहाँ भारी भी? और असुरक्षा का माहौल बना रहता है। बाहरी लोगों द्वारा स्टेशन के बाहर ही खाना भी बनाया जाता है।

स्टेशन परिसर की पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। स्थानीय लोगों और यात्रियों का आरोप है कि गाड़ी खड़ी करते समय कोई कर्मचारी व्यवस्था बनाने के लिए मौजूद नहीं रहता, जिससे अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम की स्थिति बन जाती है। लेकिन, जैसे ही यात्री वाहन लेकर बाहर निकलता है, कर्मचारी तुरंत वसूली के लिए पहुंच जाते हैं।

### होटल एजेंटों की दादागिरी और ठगी

स्टेशन के मुख्य मार्ग पर स्थित होटलों के कर्मचारियों ने यात्रियों का निकलना मुश्किल कर दिया है। रेलवे स्टेशन से बाहर निकलते ही एजेंट यात्रियों को जबरदस्ती अपने होटलों की ओर खींचने का प्रयास करते हैं। नए और अनजान यात्री अक्सर इन एजेंटों के झांसे में आकर ठगी और असुविधा का शिकार हो जाते हैं।

### मुख्य मार्ग पर गंदगी का अंबार

स्टेशन जाने वाले मुख्य रास्ते के दोनों ओर फैला कचरा और गंदा पानी शहर की छवि खराब कर रहा है। सुलभ शौचालय बनने के बावजूद लोग स्टेशन के मुख्य द्वारा के रास्ते का उपयोग प्रसाधन के लिए करते है जिससे इतनी बदबू होती है कि कोई एक मिनट भी खड़ा नही रह पाता.

### खुले में लोग कर रहे प्रसाधन : अनूप



अनूप विश्वकर्मा ने बताया कि स्टेशन मार्ग पर लोग रास्तों के किनारे ही प्रसाधन कर देते हैं, जिससे वहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। हैरानी की बात यह है कि पास ही सुलभ शौचालय की सुविधा उपलब्ध है, फिर भी लोग इसका उपयोग नहीं कर रहे हैं। अनूप ने प्रशासन से अपील की है कि इस ओर क? कदम उठाए जाएं ताकि सफाई बनी रहे.

### कहीं भी खड़े हो रहे वाहन : राज



राज प्रजापति ने बताया कि यहाँ सफाई के साथ-साथ यातायात प्रबंधन भी बदहाल है। लोग कहीं भी अपनी मर्जी से अपने वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे यात्रियों को निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि मौके पर सुरक्षाकर्मियों की अनुपस्थिति के कारण यात्रियों में सुरक्षा को लेकर हमेशा डर बना रहता है।

### कचरे से अटी सड़क : नीरज



स्थानीय निवासी नीरज बुनकर ने चिंता जताते हुए कहा कि रेलवे स्टेशन की ओर आने वाले मुख्य रास्तों पर गंदगी का अंबार लगा रहता है। समय पर कचरा न उठाए जाने के कारण सड़कों पर प्लास्टिक और खाने-पीने का जूठन बिखरा रहता है। नीरज के अनुसार, स्टेशन शहर का प्रवेश द्वार होता है .

### स्टेशन के बाहर कहीं नहीं डस्टबिन : प्रकाश



प्रकाश विश्वकर्मा ने रेलवे स्टेशन की स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्टेशन के बाहर डस्टबिन की भारी कमी है, जिसके कारण लोग यहाँ-वहाँ कचरा फेंकने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि यदि स्टेशन को स्वच्छ और सुंदर बनाना है, तो पर्याप्त संख्या में डस्टबिन लगाए जाएं .

# लचर सफाई व्यवस्था पर महापौर ने जताई आपत्ति

## निगमायुक्त को पत्र लिख की तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग

नवभारत न्यूज

**सतना 1 जून. ननि के कुछ अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध गंभीर शिकायतें सामने आने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति को अनसुना कर दिए जाने के कारण महापौर और निगमायुक्त के बीच मतभेद स्पष्ट तौर पर सामने आए थे. जिसके चलते कलेक्टर से शिकायत करते हुए पार्षदों द्वारा निगमायुक्त को हटाने की मांग तक कर दी गई थी. वहीं अब वर्षा से पहले सफाई कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप व नगरवासियों का असंतोष सामने आने पर मामले ने एक बार फिर से तूल पकड़ लिया है.**





महापौर योगेश ताम्रकार द्वारा सोमवार को निगमायुक्त डॉ. शेर सिंह मीणा को पत्र लिखा गया. पत्र में यह उल्लेख किया गया कि हाल ही में हुई वर्षा के दौरान शहर के अनेक क्षेत्रों में भारी जलभराव की स्थित निर्मित हुई. जिसके कारण आमजन को अत्यधिक असुविधा और संकट का सामना करना पड़ा. यह स्थिति न सिर्फ गंभीर और निंदनीय है बल्कि यह निगम प्रशासन की घोर लापरवाही एवं कार्य के प्रति उदासीनता का प्रत्यक्ष प्रमाण भी है. वर्षा से पहले शहर की सफाई व्यवस्था एवं जल निकासी व्यवस्था को सुदृण करने को लेकर 30 जून तक के लिए स्वास्थ्य शाखा में 60 कर्मचारियों को आऊटसोर्स के माध्यम से भर्ती करने से संबंधित फाइल 27 मार्च को निगम प्रशासन के पास भेजी गई थी. लेकिन 2 महीने बीत जाने के बाद भी उक्त फाइल को न तो स्वीकृति दी गई और न ही कोई कार्रवाई की गई. यह कार्यशैली अत्यंत गंभीर प्रशासनिक विफलता है. यदि समय रहते उक्त फाइल को स्वीकृति प्रदान कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चत कर ली गई होती तो मौजूदा समय में शहर में उत्पन्न हो रही जल भराव की स्थिति को काफी हद तक टाला जा सकता था. शहर से जुड़े अतिसंवेदनशील विषय पर निगम प्रशासन की उदासीनता के कारण ननि की व्यवस्था पर प्रश्नचिंह लगा है. जिसे देखते हुए इस बात की मांग की गई है कि निगमायुक्त द्वारा सफाई संरक्षकों की भर्ती की फाइल को तत्काल स्वीकृति प्रदान की जाए और साथ ही शहर के सभी प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी एवं सफाई व्यवस्था तत्त्कल प्रभाव से सुदृण की जाए.

### विरोध के पीछे चेंबर चुनाव

महापौर श्री ताम्रकार ने बताया कि बाजार क्षेत्र में सीवर लाइन के कार्य का टेंडर, वर्क आर्डर हो चुका है और काम चल रहा है . लेकिन यह सब कुछ जानते-समझते हुए भी व्यापारी हर तीसरे दिन शहर में किसी न किसी स्थान पर बैछकर कर धरना दे रहे हैं तो उसके पीछे उन्हें चेंबर चुनाव के पहले की सक्रियता के अतिरिक्त और कुछ समझ में नहीं आ रहा है . वे भी व्यापारी हैं, लिहाजा यदि निगमायुक्त के व्यवहार और ढीलेपन के चलते कोई असुविधा होती है तो वे स्वयं भी धरने पर बैठेंगे . लेकिन व्यापारी जो कर रहे हैं वे उसे उचित इसलिए नहीं मानते कि सीवर लाइन का कार्य जारी है . काम तो हो ही रहा है और होना ही है, लेकिन व्यापारियों का धरने पर बैठना कोई हल नहीं है .

# मामूली विवाद में श्रद्धालुओं की बस पर पथराव

## चित्रकूट के गुप्त गोदावरी क्षेत्र की घटना

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 जून. जिले के चित्रकूट स्थित गुप्तगोदावरी में सोमवार दोपहर श्रद्धालुओं की एक बस पर कुछ अज्ञात युवकों ने पथराव कर दिया। इस घटना में बस का सामने का कांच टूट गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।**



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना मंदसौर जिले से आए श्रद्धालुओं की बस के साथ हुई। बताया गया कि सोमवार सुबह गुप्तगोदावरी में दर्शन के बाद दोपहर में एक श्रद्धालु पार्किंग में खड़ी बस की ओर जा रहा था।

तभी सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ई-रिक्शा से बचने के प्रयास में श्रद्धालु ने उसे दोनों हाथों से रोक लिया, जिससे ई-रिक्शा का कांच टूट गया। इसके बाद ई-रिक्शा चालक और उसमें बैठे दो अन्य युवकों ने श्रद्धालु के साथ मारपीट की। हलांकि उस दौरान कुछ लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत हो गया।

लेकिन दोपहर लगभग 3=30 बजे जब बस श्रद्धालुओं को लेकर पार्किंग से रवाना होने लगी, तभी तीनों युवकों ने बस के सामने वाले कांच पर पथराव कर दिया। पथराव के बाद श्रद्धालु बस से उतरकर युवकों को पकड़ने का प्रयास करने लगे, लेकिन वे मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से डायल 112 पर घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने पूछताछ के बाद मामला दर्ज कर लिया और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# कोतवाली परिसर में भिड़े दो आरक्षक

## वीडियो सामने आने पर एसपी ने किया लाइन हाजिर

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 जून. सिटी कोतवाली थाना परिसर में दो आरक्षकों के बीच विवाद का मामला सामने आया। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें दोनों आरक्षक आपस में बहस करते और एक-दूसरे को धमकाते हुए दिखाई दिए। यह घटना 30 मई की रात की बताई गई।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिटी कोतवाली परिसर में पदस्थ आरक्षक लाखन और आरक्षक देवेंद्र सिंह किसी बात को लेकर आपस में उलझ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पहले दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो धीरे-धीरे तीखी बहस में बदल गई। विवाद के दौरान दोनों ने एक-दूसरे को चेतावनी भी देने लगे। स्थिति बिगड़ती देख मौके पर मौजूद एक अन्य आरक्षक ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग किया। हालांकि विवाद का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। लेकिन सामने आई जानकारी के अनुसार किसी कार्य से सम्बंधित मतभेद और उसकी वजह से आपसी नाराजगी के मामले ने तूल पक? लिया। लेकिन उक्त घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के पास पहुंची उन्होंने वीडियो का संज्ञान लेते हुए दोनों आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया। इतना ही नहीं बल्कि इस मामले की जांच सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह को सौंपी दी गई है।



# क्या सतना में विकास कार्यों के लिए धरना देना अनिवार्य हो गया है : चेंबर

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 जून. आज हनुमान चौक के व्यापारी गांधी चौक शास्त्री चौक से पुराने पावर हाउस तक पिछले कई महीनों से खस्ताहाल सड़क को सुधरवाने धरने पर बैठे.**

व्यापारियों ने चेंबर के पदाधिकारियों को भी बुलाकर सहयोग करने की अपील की तो चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने यसडीएम राहुल सिलाडिया एवं नगर निगम के अधिकारियों से बात की तो सभी अधिकारी हनुमान चौक पहुंचकर 12 जून तक रोड बन जाएगी लिखित में आश्वासन दिया तो धरना समाप्त हुआ। चेंबर के मंत्री हरिओम गुप्ता ने कहा कि जयस्तंभ चौक में व्यापारियों ने धरना दिया,सड़क बनना शुरू हो गई। बिहारी चौक में व्यापारियों ने धरना दिया,वहां भी काम शुरू हो गया तो क्या अब शहर का हर व्यापारी,हर नागरिक और हर मोहल्ला वासी धरने पर बैठेगा, तब जाकर विकास कार्य होंगे। खराब सड़कों की वजह धूल के कारण लोग बीमार हो रहे हैं पूरा शहर अतिक्रमण की चपेट में आ गया है लोगों का चलना दुर्भर हो गया है दुकान के सामने ठेले वालो ने कब्जा कर लिया है शहर की यातायात व्यवस्था पटरी से उतर गई है.

### इनकी रही उपस्थिति

विंध्य चेंबर के अध्यक्ष सतीश सुखेजा मंत्री हरिओम गुप्ता मनोज साहू प्रकाश चौरसिया सुरेश सोनी प्रदीप अवस्थी प्रभात जैन प्रकाश चौरसिया अशोक अग्रवाल दिलीप सोनी सुशील गुप्ता सागर चौरसिया संतु तिवारी रवि गुप्ता प्रमोद साहू प्रमोद कनोडिया राहुल अग्रवाल अविष सराफ प्रकाश कनोडिया निखिल राजपाल राम अग्रवाल अनिल सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में व्यापारी भाई उपस्थित थे।

# शहर में चल रहे सीवर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

## आयुक्त ने की प्रगति की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सतना ।आयुक्त नगर पालिक निगम सतना डॉ.शेर सिंह मीना, की अध्यक्षता में सीवर परियोजना के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालन यंत्री एवं सीवर प्रभारी के.पी. गुप्ता ने परियोजना की प्रगति एवं विभिन्न क्षेत्रों में संचालित कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की।**



आयुक्त ने सीवर परियोजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने आमजन को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा एवं यातायात संबंधी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने लंबित कार्यों की प्रगति पर गंभीरता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को कार्यों में तेजी लाने, नियमित मॉनिटरिंग करने तथा शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परियोजना की गुणवत्ता एवं समयसीमा के पालन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में आकाश बट्टी सहायक यंत्री, रविराज सिंह उपयंत्री के साथ सीवर परियोजना से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जैतवारा के प्लेटफार्म में मिला वृद्ध का शव

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 जून. रेलवे स्टेशन जैतवारा के स्टेशन मास्टर से सूचना प्राप्त हुई कि एक वृद्ध पुरुष जिनकी उम्र करीब 60 वर्ष है प्लेटफार्म नंबर 2 पर मृत हालत में पाए गए हैं.**

सूचना पर जीआरपी सतना में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। मृतक अज्ञात पुरुष की उम्र करीब 70 75 साल है बदन पर सफेद कुर्ता सफेद धोती और गले में रेशम की माला मिली। वहीं दाहिने हाथ में रक्षा सूत्र भी बंधा मिला। संभावना जताई गई कि वृद्ध किसी ट्रेन से टकराकर रेलवे स्टेशन जैतवारा के प्लेटफार्म नंबर दो पर मृत्यु हो गई होगी। जीआरपी द्वारा मृतक वृद्ध की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।



# जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में हुए कई निर्णय

## बाल संरक्षण पर जोर

नवभारत न्यूज

**सतना 01 जून. जिले में बच्चों के संरक्षण, सुरक्षा एवं समग्र विकास को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई।**

बैठक में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा, बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, बाल श्रम उन्मूलन, बाल विवाह की रोकथाम तथा जरूरतमंद एवं असहाय बच्चों के पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह, एसडीएम महिपाल सिंह, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगड़े, सुमेश द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एकेएस में कृषि पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सतना,1 जून. ए.के.एस. विश्वविद्यालय के कृषि संकाय द्वारा बी.एससी. ( कृषि ) सप्तम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए द्वि-दिवसीय ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव ( रावे ) एवं कृषि औद्योगिक संलग्नता ( एआईए ) ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।**



कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव एवं कृषि औद्योगिक संलग्नता कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्यों, कार्यप्रणाली तथा कृषि क्षेत्र में इनके व्यावहारिक महत्व से अवगत कराना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.ए. चोपड़े रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. ए.के. भौमिक ने की। इस अवसर पर प्रो. डॉ. हर्षवर्धन (प्रो-वीसी विकास), डॉ. जी.सी. मिश्रा (निदेशक, आईक्यूएसी) तथा डॉ. महेंद्र तिवारी (अधिष्ठाता, छात्र कल्याण) विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (रावे) कार्यक्रम विद्यार्थियों को गांवों में रहकर किसानों की वास्तविक समस्याओं को समझने, कृषि उत्पादन प्रणाली का अध्ययन करने तथा कृषि विस्तार गतिविधियों में भागीदारी का अवसर प्रदान करता है। वहीं कृषि औद्योगिक संलग्नता (एआईए) के अंतर्गत विद्यार्थियों को बीज उत्पादन इकाइयों, उर्वरक एवं कीटनाशक उद्योगों, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, डेयरी, कृषि यंत्र निर्माण संस्थानों तथा कृषि आधारित उद्योगों में प्रशिक्षण दिया जाता है.

## एक नजर में



### रेल कर्मी अजय व ओपी सेवा निवृत

**सतना.** मुख्य लोको निरीक्षक अजय श्रीवास्तव तथा लोको पायलट मेल ओ पी वर्मा अपनी 38 वर्षों की रेल सेवा से सेवानिवृत्त हो गए जिनका सतना रेल परिवार वेलफेयर सोसायटी की तरफ़ से सम्मान किया गया जिसमे मुख्य रूप से सोसायटी के संरक्षक मुख्य कर्मी दल नियंत्रक ओ पी यादव सोसायटी के अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता मुख्य लोको निरीक्षक टी के मिश्रा,यू के पटेल,रघुनाथ यादव,आर ए सिद्दीकी,कुलदीप चौधरी,आर के गुप्ता,अशोक कुमार,एस के जैन,एस के गुप्ता,डी व्ही सिंह,ज्योतिन्द्र कुमार,रणधीर सिंह,रामनारायण,निधेश तोमर,निर्भय पांडेय,अनूप द्विवेदी,यादवेन्द्र सिंह,गुलशन तथा पी.के दीक्षित सहित सैकड़ो रेल कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### आदित्य सिंह का आईआईटी में चयन

**सतना।** जिला न्यायालय में पदस्थ लिपिक बलराम सिंह राजपूत के सुपुत्र आदित्य सिंह राजपूत ने वर्ष 2026 मे आयोजित छ्वश्च स्र1इट्ठष्द्ध की परीक्षा मे सफलता हासिल कर अपना और अपने परिवार का नाम रोशन किया है कड़ी मेहनत और लगन से मिली सफलता का श्रेय अपने माता - पिता और गुरुजनों को दिया हैं बात चीत करने पर उन्होंने बताया कि आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में दाखिला पाना और वहां से इंजीनियरिंग पूरी करना एक बड़ा सपना था जिसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत कर इस परीक्षा को हासिल किया है इस सफलता से स्थानीय विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलेगी।





### दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया

सतना। जिला दवा विक्रेता संघ सतना के यशस्वी अध्यक्ष दीनदयाल तिवारी का जन्मदिन उनके निज प्रतिष्ठान सेमरिया चौक कर मेडिकल में मनाया गया कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल सचिव नितिन पारेख सह सचिव योगेश दासानी समीर शाह संगठन मंत्री मनीष पांडे जनसंपर्क अधिकारी प्रतीक अग्रवाल एवं कार्यकारिणी समिति के संजय गुप्ता माधवगढ़ राकेश अग्रवाल रिंकू अमित अग्रवाल उत्तम अग्रवाल विशाल सोइन राजेश्वर शुक्ला रज्जन राहुल हिंदूजा अमित जायसवाल अनिमेश गुप्ता , डॉ हनुमान दास पाठक छोटेलाल प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे। दीन दयाल तिवारी को शॉल ओढ़ाकर, माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर,केक कटवाया एवं स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।